हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 16 फ़रवरी 2026, समय 1305 (5 मिनट)

भारत-एआई इम्पैक्ट शिखर सम्मेलन आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में शुरू हो गया। पांच दिन का यह सम्मेलन किसी विकासशील देश में आयोजित होने वाला पहला वैश्विक एआई शिखर सम्मेलन है। कार्यक्रम में बीस देशों के विश्व नेता शामिल हो रहे हैं। विदेश मंत्रालय ने कहा है 45 से अधिक देशों के मंत्रिस्तरीय प्रतिनिधिमंडल शिखर सम्मेलन में शामिल होंगे। हमारे संवाददाता ने बताया है कि संयुक्त राष्ट्र महासचिव और कई अंतरराष्ट्रीय संगठनों के वरिष्ठ अधिकारी भी विचार-विमर्श में भाग लेंगे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नई दिल्ली में इंडिया एआई इम्पैक्ट प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे। पांच दिन की इस प्रदर्शनी का आयोजन इंडिया एआई इम्पैक्ट शिखर सम्मेलन के साथ ही किया जा रहा है। इसमें ऑस्ट्रेलिया, जापान, रूस, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, इटली, नीदरलैंड, स्विट्ज़रलैंड, सर्बिया, एस्टोनिया, ताजिकिस्तान और अफ्रीका सहित 13 देशों के मंडप होंगे। प्रदर्शनी में विभिन्न क्षेत्रों में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के परिवर्तनकारी प्रभाव को उजागर करने और भविष्य की कार्रवाइयों पर चर्चा के लिए 500 से अधिक सत्र आयोजित किए जाएंगे।

पंजाब के राज्यपाल एवं केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने कल नई दिल्ली में भारत के केंद्रीय रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह से शिष्टाचार भेंट की। बैठक के दौरान चंडीगढ़ में सैनिक स्कूल स्थापित करने के प्रस्ताव पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में सीमा क्षेत्रों में ड्रोन के माध्यम से हो रही मादक पदार्थों एवं हथियारों की तस्करी पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित करने के विषय पर भी गहन विचार-विमर्श किया गया। राष्ट्रीय सुरक्षा को और अधिक सुदृढ़ करने हेतु एंटी-ड्रोन प्रणाली को मजबूत एवं आधुनिक बनाने पर विशेष जोर दिया गया।

हरियाणा के खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने कल पलवल में हुडा सेक्टर 2 के बाज़ार से 97 लाख 22 हज़ार रूपये की लागत से खरीदी गयी स्मोग गन व दो पानी के ट्रेक्टर को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। खेल राज्य मंत्री ने प्रदेशवासियों को महाशिवरात्रि के पावन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पलवल शहर के नागरिकों के लिए स्वच्छ हवा और बेहतर स्वास्थ्य हेतु प्रदेश सरकार द्वारा यह 2 एंटी स्मोग गन और ट्रेक्टर उपलब्ध करवाए गए हैं, एंटी स्मोग गन

पानी का छिड़काव करेगी जिसके माध्यम से प्रदूषण पर नियंत्रण किया जा सकेगा जिससे शहर की हवा साफ़ व शुद्ध होगी।

शिल्प और परंपरा की अद्वितीय और अनूठी छटा बिखेरने के उपरांत 39 वां सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय आत्मनिर्भर शिल्प मेला कल सम्पन्न हो गया। हरियाणा के राज्यपाल प्रो असीम कुमार घोष ने शिल्पकारों और कलाकारों को सम्मानित किया। परंपरागत श्रेणी के अंतर्गत तेलंगाना राज्य के शिल्पकार गड्डम बाला को उनके उत्कृष्ट शिल्प के लिए चुना गया है। साथ ही 11000 रुपए की धन राशि का चेक प्रदान किया गया।कला रत्न श्रेणी में ओडिशा राज्य के प्रसिद्ध शिल्पकार दामोदर फतेह सिंह को पट्टचित्र कला में उत्कृष्ट योगदान के लिए चयनित किया गया है। साथ ही 11000 रुपए की धन राशि का चेक प्रदान किया गया। कला मणि श्रेणी के अंतर्गत कुल आठ शिल्पकारों का चयन किया गया। सभी आठों शिल्पकारों को 11000 रुपए की धन राशि की घोषणा की गयी। कला निधि श्रेणी में आठ शिल्पकारों को 5100 रुपए की धन राशि देने की घोषणा की गयी।

हरियाणा सरकार राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में खाद्य एवं औषधि सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने एवं नियमित रूप से असवसरंचना को बेहतर बनाने के लिए 53 करोड़ 21 लाख रुपये खर्च कर रही हैं। यह राशि 28 मोबाइल खाद्य जांच प्रयोगशाला वैन चलाने और करनाल में जिला खाद्य जांच प्रयोगशाला को आधुनिक बनाने पर खर्च की जा रही है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा ने आज चंडीगढ़ में बताया कि राज्य बजट से 90 लाख 29 हजार रुपये और भारतीय खाद्य सुरक्षा एंव मानक प्राधिकरण से 50 लाख रुपये के अतिरिक्त बजट से करनाल की खाद्य जांच प्रयोगशाला का बड़े स्तर पर नवीनीकरण किया जा रहा है। प्रयोगशाला की क्षमता को मजबूत करने के लिए 10 लाख 50 हजार रुपये की लागत से 47 आधुनिक उपकरण भी उपलब्ध कराए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि चार करोड़ 63 लाख रुपए के उपकरण हरियाणा चिकित्सा सेवा निगम लिमिटेड के माध्यम से खरीदे जा रहे हैं और इसकी टेंडर प्रक्रिया अंतिम चरण में है।